Roll No. ....

DD–2094

B. A. (Part I) EXAMINATION, 2020

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(अ) यह समझ लीजिए कि जिस देश में स्त्रियों को जितनी अधिक स्वाधीनता है, वह देश उतना ही सभ्य है। स्त्रियों को कैद में, परदे में या कोसों दूर रखने का यही तात्पर्य निकलता है कि आपके यहाँ जनता इतनी आचारभ्रष्ट है कि स्त्रियों का अपमान करने में जरा भी संकोच नहीं करती।

अथवा

यहाँ आकर उसे अनुभव होता था कि मैं संसार में हूँ। उस संसार में जहाँ जीवन है, लालसा है, प्रेम है, विनोद है। उसका अपना जीवन तो व्रत की वेदी पर अर्पित हो गया था। वह तन-मन से उस व्रत का पालन करती थीं, पर

शिवलिंग के ऊपर रखे हुए घट में क्या वह प्रवाह है, तरंग है, नाद है जो सरिता में है ?

(ब) सामने शैलमाला की चोटी पर, हरियाली में, विस्तृत जल देश में, नील पिंगल संध्या प्रकृति की सहृदय कल्पना, विश्राम की शीतल छाया, स्वप्नलोक की सृजन करने लगी। उस मोहनी के रहस्यपूर्ण नील-जाल का कुहक स्फुट हो उठा। जैसे मदिरा से सारा अंतरिक्ष सिक्त हो गया।

अथवा

मगर कोठरी में बैठने की देर थी कि आँखों में छल-छल आँसू बहने लगे। दुपट्टे से बार-बार उन्हें पोंछती, पर वे बार-बार उमड़ जाते, जैसे बरसों का बाँध तोड़कर उमड़ आए हों। .... बार-बार आँखें बंद कीं, मगर आँसू बरसात के पानी की तरह जैसे थमने में ही न आते थे।

(स) "मैं बड़ी अभागिन हूँ। मेरे कारण आपको इतना कष्ट हुआ।" ....बरसात में गठिया के दर्द में पड़े-पड़े वे अक्सर अपने आप से कहते रहते, देखो, एक साल हो गया। कमबख्त लड़की ने मुझे खत तक नहीं लिखा।

अथवा

पहलवान कुत्ते को माँ की गाली देकर वहाँ से उठ खड़ा हुआ और धीरे-धीरे जाकर कुएँ की सिल पर लेट गया। उसके वहाँ से हटते ही कुत्ता गली में उतर आया और कुएँ की तरफ मुँह करके भौंकने लगा।....... और वहाँ कोने में बैठकर गुर्राने लगा।

2. 'गबन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

'गबन' उपन्यास की समस्या क्या है ? समझाइए।

3. 'आकाशदीप' कहानी की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

'चीफ की दावत' कहानी का महत्व बताइए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) बालशौरि रेड्डी

(ii) शिवानी का लेखन

(iii) चम्पादेवी

(iv) चौधरी पीरबख्श

(v) मालती

(vi) माधव

(vii) गदल

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 15

(i) आपके पाठ्यक्रम में कहानी की पुस्तक का नाम क्या है ?

(ii) प्रेमचंद रचित **दो** उपन्यासों के नाम लिखिए।

(iii) हिन्दी की प्रथम कहानी का नाम लिखिए।

(iv) "सरस्वती" पत्रिका के प्रसिद्ध सम्पादक कौन थे ?

(v) रमानाथ के पिताजी कौन थे ?

(vi) घीसू और बुधिया का रिश्ता क्या था ?

(vii) एक आंचलिक कहानी का नाम लिखिए।

(viii) "शबरी" उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(ix) शिवानी जी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(x) पारसबाबू दुःखी क्यों है ?

(xi) बुद्धगुप्त चम्पाद्वीप से कहाँ गया ?

(xii) प्रेमचन्द का असली नाम क्या था ?

(xiii) सिरचन कौन था ?

(xiv) शामनाथ की माँ बेटे की तरक्की के लिए क्या बनाने के लिए तैयार हो गई ?

(xv) 'गदल' के रचनाकार कौन हैं ?

(xvi) हिन्दी के प्रथम उपन्यास का नाम क्या है ?

(xvii) कहानी की **तीन** महिला कहानीकारों के नाम लिखिए।